**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

***************************************************

1. आज देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।

2. श्री मोदी ने कहा- योग पूरे विश्व को साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

3. पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने योग को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की- योग कक्षा 3 से 9 वीं तक के पाठ्यक्रम में शामिल होगा।

4. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज करनाल से 6 अत्याधुनिक कैंसर जांच एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

5. नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन में हरियाणा राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो को रिकॉर्ड समय में क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन प्रणाली लागू करने के लिए **उत्कृष्टता प्रमाण पत्र** 'से सम्मानित किया गया।

*************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि योग न केवल पूरे विश्व को साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

******************************************************

हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पंचकूला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए योग को बढ़ावा देने के लिए की घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने कहा की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी योग से संबंधित प्रश्न शामिल किए जाएंगे।

कार्यक्रम में  मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव,16 देशों से आए छात्र छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित हर वर्ग के लोग ने मिलकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया और आयुष विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन  किया।योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सात योग संस्थाओं  को सम्मानित भी किया गया।

*************************************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस करनाल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने हजारों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

-----------------------------------------

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज करनाल के कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से 6 अत्याधुनिक कैंसर जांच एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल जांच वैन का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की मुफ्त कैंसर स्क्रीनिंग करना है, ताकि बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लग सके और समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।

***********************************************

नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के निदेशक द्वारा हरियाणा राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो को रिकॉर्ड समय में क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन प्रणाली को सफलतापूर्वक विकसित एवं लागू करने के लिए **उत्कृष्टता प्रमाण पत्र** 'प्रदान कर सम्मानित किया गया। हरियाणा पुलिस की ओर से यह सम्मान इंस्पेक्टर करनैल सिंह ने ग्रहण किया, जो वर्तमान में ब्यूरो के पंचकुला मुख्यालय में कार्यरत हैं।

**************************************************

योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण के उद्देश्य से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से हर वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

4- हरविन्द्र कल्याण-31 सेकंड

*************************************************

अंबाला शहर में आज आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की अगुवाई कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने की। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हर वर्ग के लोग के साथ योग कर योग को अपनाने का संदेश दिया।
श्री विपुल गोयल ने कहा कि हमारी प्राचीन पद्धति को आज पूरा विश्व अपना रहा है।

5- विपुल गोयल -27 सेकंड

*************************************************************

**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों और छात्र छात्राओं के साथ प्रोटोकॉल अनुसार योग किया और लोगों को योग के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है। यदि हर व्यक्ति योग से जुड़ जाए तो हर घर और परिवार स्वास्थ्य बनेगा और परिणामस्वरूप हमारा राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा।

6- कृष्णपाल गुर्जर -16 सेकंड

************************************************************

*******

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने की।

उन्होंने सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों के साथ योग किया और कहा कि लोगों के जीवन से दूर हो रही इस प्राचीन पद्धति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है।

7- कृष्ण मिड्ढा-20 सेकंड

अन्य जिलों से भी योग दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

************************************************************

*****

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फरीदाबाद में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता तथा हरियाणा सरकार में

राज्य मंत्री राजेश नागर ने योगाभ्यास कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उधर बल्लभगढ़ से विधायक पंडित मूलचंद शर्मा तथा भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष सोहनपाल ने भी योग सत्र में भाग लेते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

*************************************************************

जींद में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और युवाओं, स्थानीय नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सामूहिक योग अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। श्री कृष्ण पंवार ने कहा कि यह अवसर भारत की उस सनातन चेतना का उत्सव है, जिसने हजारों वर्षों से मानव मात्र को शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग दिखाया है।

*************************************************************

भिवानी में योग दिवस पर आयोजित समारोह में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ योगाभ्यास किया और योग को जीवन का मुख्य आधार बताया। समारोह के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने विभागीय तैयारियों और किसानों के कल्याण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के किसानों को खाद की कोई किल्लत नहीं आने दी जाएगी।

*************************************************************